Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1** एक पर्यावरण वैज्ञानिक अवलोकन करता है कि वैश्विक पवनें (global winds) भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर चलती हैं। कौन-सी प्रक्रिया इस पैटर्न की सर्वोत्तम व्याख्या करती है?

Ans
- ✗ A. महासागरीय धाराएँ वायुसंहति की तुलना में तेज़ी से ऊष्मा स्थानांतरित करती हैं
- ✓ B. असमान तापन के कारण अक्षांशों के बीच ताप में अंतर उत्पन्न होता है
- ✗ C. वर्षा का स्तर पवन की दिशा निर्धारित करता है
- ✗ D. पृथ्वी का घूर्णन भूमध्य रेखा पर पवन की दिशा को उलट देता है

**Q.2** दिया गया है:
- P, Q को उसके लवण विलयन से विस्थापित करता है,
- R, S को उसके लवण विलयन से विस्थापित करता है,
- Q, R को उसके लवण विलयन से विस्थापित करता है,
- S किसी अन्य धातु को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है;

इनमें से कौन-सी धातु सबसे अधिक अभिक्रियाशील है?

Ans
- ✗ A. Q
- ✓ B. P
- ✗ C. R
- ✗ D. S

**Q.3** एक गेंद को किसी मेज के किनारे पर और फिर केंद्र में रखा जाता है। मेज की ऊंचाई अपरिवर्तित रहती है। दोनों स्थितियों में गेंद की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा में क्या अंतर होगा?

Ans
- ✗ A. केंद्र की तुलना में किनारे पर स्थितिज ऊर्जा उच्चतर होती है
- ✓ B. स्थितिज ऊर्जा दोनों स्थितियों में समान होती है
- ✗ C. केंद्र की तुलना में किनारे पर स्थितिज ऊर्जा निम्नतर होती है
- ✗ D. गेंद की गति के साथ उसकी स्थितिज ऊर्जा में लगातार परिवर्तन होता रहता है

**Q.4** जब फेफड़ों की कोष्ठिका केशिकाओं (alveolar capillaries) से रक्त गुजरता है, तो क्या होता है?

Ans
- ✗ A. परिसंचारी रक्त में दोनों गैसें अपरिवर्तित रहती हैं
- ✗ B. कार्बन डाइऑक्साइड रक्त में प्रवेश करती है और ऑक्सीजन कोष्ठिका में चली जाती है
- ✓ C. ऑक्सीजन रक्त में प्रवेश करती है और कार्बन डाइऑक्साइड कोष्ठिका में चली जाती है
- ✗ D. ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड दोनों कोष्ठिका से रक्त प्रवाह में प्रवेश करती हैं

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान चाल से गतिमान किसी वस्तु के लिए दूरी-समय ग्राफ की आकृति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. परिवर्ती ढाल वाली एक सीधी रेखा
- ✗ B. ऊपर की ओर एक वक्रित रेखा
- ✗ C. एक क्षैतिज सीधी रेखा
- ✓ D. नियत ढाल वाली एक सीधी रेखा


Test
Prime
By Adda247
ALL EXAMS,
ONE SUBSCRIPTION
Test. Analyze. Improve. Repeat.
Don't just prepare.
Perform.
Test Prime – built only for mock tests.
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
Rating
Editors' choice
New
Mocks for Every Exam
Test. Analyze. Improve. Repeat.
All India Rankings
1,50,000+
Mock Tests
25,000+
Previous Year Papers
800+
Exam Covered
500%
Refund on Selection
5 lakh+
Free Quizzes
PDF
Daily
Free PDFs
Top Alerts
Stay Updated
WHY TEST PRIME?
Multilingual
Detailed Solution
Strong and Weak Areas
All India Rankings
Safe & Reliable
Trusted by Lakhs of Aspirants
Your Success, Our Mission
DOWNLOAD
TEST PRIME
Your Success Partner!
GET IT ON Google Play
Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** जब एथेनॉल को 170°C पर अत्यधिक सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ गर्म किया जाता है, तो क्या होता है?

Ans
✔ A. निर्जलन के फलस्वरूप एथीन बनता है
✗ B. एथेनॉइक अम्ल बनता है
✗ C. कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त होती है
✗ D. गैस के रूप में मेथेन बनता है

**Q.7** स्पष्ट दृष्टि के लिए प्रकाश को एक विशिष्ट बिंदु पर फोकस करने के लिए कौन-सा अनुप्रयोग अपवर्तन का उपयोग करता है?

Ans
✗ A. प्रतिबिंबों को परावर्तित करने वाला समतल दर्पण
✗ B.
किसी वस्तु के पीछे बनी छाया
✗ C. सूर्य के प्रकाश को विभक्त करने वाला कांच का प्रिज्म
✔ D. अपनी आकृति को समायोजित करने वाला मानव नेत्र लेंस

**Q.8** अपवर्तित किरण प्रिज्म के अंदर ________ मुड़ जाती है।

Ans
✗ A. आधार के लंबवत
✗ B.
आधार के अनुदिश
✔ C.
प्रिज्म के आधार की ओर
✗ D.
आधार से दूर

**Q.9** सक्रियता श्रेणी में नीचे रखी गई धातुएं, जैसे कॉपर और मर्करी, किस प्रकार निष्कर्षित की जाती हैं?

Ans
✔ A. सल्फाइड अयस्कों को ऑक्साइडों में बदलने के लिए वायु में भर्जन, उसके बाद गर्म करके
✗ B. उच्च तापमान पर कार्बन के साथ अपचयन
✗ C. अधिक अभिक्रियाशील धातुओं का उपयोग करके विस्थापन
✗ D. उनके पिघले हुए अयस्कों के विद्युत-अपघटन

**Q.10** एक ही पदार्थ से बने, समान लंबाई वाले और समान तापमान पर अनुरक्षित दो एकसमान तारों की तुलना की जाती है। कौन-सा कारक एक तार के विद्युत प्रतिरोध को दूसरे तार से अधिक कर देगा?

Ans
✗ A. उच्चतर वोल्टेज
✗ B. बृहत् विद्युत धारा
✗ C. उच्चतर अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्र
✔ D. लघुतर अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्र

**Q.11** एक कार विरामावस्था से चलना प्रारंभ करती है और 5 सेकंड के लिए 2 $m/s^2$ के एकसमान त्वरण से त्वरित होती है। इस समयांतराल में कार द्वारा तय की गई दूरी कितनी है?

Ans
✗ A. 10 मीटर
✔ B. 25 मीटर
✗ C. 50 मीटर
✗ D. 20 मीटर

**Q.12** कौन-सा कथन जंतु ऊतकों की तुलना में पादप ऊतकों की ऊर्जा आवश्यकता का सही रूप से वर्णन करता है?

Ans
✗ A. पादप ऊतकों को ऊर्जा की बिल्कुल आवश्यकता नहीं होती है
✗ B. ऊर्जा के लिए पादप श्वसन नहीं करते हैं
✔ C. पादपों को सामान्यत: जंतुओं की तुलना में कम ऊर्जा की आवश्यकता होती है
✗ D. पादपों को जंतुओं की तुलना में अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है

Adda247

**Q.13** यदि किसी बल्ब का फिलामेंट 10 मिनट तक 0.5 A की धारा कर्षित करता है, तो परिपथ से प्रवाहित कुल आवेश कितना है?

Ans
- ✗ A. 60 कूलॉम
- ✗ B. 30 कूलॉम
- ✗ C. 0.05 कूलॉम
- ✓ D. 300 कूलॉम

**Q.14** जब एक गतिमान कार रुक जाती है, तो उसकी गतिज ऊर्जा का क्या होता है?

Ans
- ✗ A. यह ऋणात्मक हो जाती है
- ✓ B. यह शून्य हो जाती है
- ✗ C. यह समान रहती है
- ✗ D. यह दोगुनी हो जाती है

**Q.15** यदि बोहर के मॉडल के अनुसार किसी परमाणु की परमाणु संख्या 15 और द्रव्यमान संख्या 31 है, तो उसमें उपस्थित न्यूट्रॉनों की संख्या कितनी है?

Ans
- ✗ A. न्यूट्रॉनों की संख्या 31 है
- ✗ B. न्यूट्रॉनों की संख्या 30 है
- ✓ C. न्यूट्रॉनों की संख्या 16 है
- ✗ D. न्यूट्रॉनों की संख्या 15 है

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा, खाद्य श्रृंखला को सटीक रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✓ A. घास → हिरण → बाघ
- ✗ B. घास → बाघ → हिरण
- ✗ C. बाघ → घास → हिरण
- ✗ D. हिरण → घास → बाघ

**Q.17** कौन-सी संरचना वृक्कों को मूत्राशय से जोड़ती है?

Ans
- ✗ A. मूत्रमार्ग (Urethra)
- ✗ B. आशय (Bladder)
- ✓ C. मूत्रवाहिनी (Ureter)
- ✗ D. श्रोणि (Pelvis)

**Q.18** संतृप्त हाइड्रोकार्बन, असंतृप्त हाइड्रोकार्बन की तुलना में कम अभिक्रियाशील क्यों होते हैं?

Ans
- ✓ A. इनके एकल आबंध प्रबल होते हैं।
- ✗ B. ये ऐरोमैटिक होते हैं।
- ✗ C. इनमें ऑक्सीजन होती है।
- ✗ D. इनमें द्वि-आबंध होते है।

**Q.19** किस प्रकार के प्रदूषक मुख्य रूप से जैविक आवर्धन के लिए उत्तरदायी होते हैं?

Ans
- ✗ A. अपघटनशील प्रदूषक (Decomposable pollutants)
- ✓ B. अजैवनिम्नीकरणीय प्रदूषक (Non-biodegradable pollutants)
- ✗ C. तापीय प्रदूषक (Thermal pollutants)
- ✗ D. रव प्रदूषक (Noise pollutants)

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सी, कीट-परागित पुष्पों की अभिलाक्षणिक विशेषता नहीं है?

Ans
- ✗ A. कीटों को आकर्षित करने वाली चमकीले रंग की पंखुड़ियाँ
- ✓ B. बहुत बड़ी संख्या में हल्के और छोटे पराग कणों का उत्पादन
- ✗ C. कीटों से पराग प्राप्त करने के लिए अनुकूलित चिपचिपा वर्तिकाग्र
- ✗ D. परागकों को आकर्षित करने के लिए मकरंद और सुगंध का उत्पादन

Adda247

**Q.21** गोलीय दर्पण के लिए नई कार्तीय चिह्न परिपाटी के अनुसार, यदि वस्तु दर्पण के सामने स्थित हो, तो वस्तु दूरी के लिए कौन-सा चिह्न निर्धारित किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. कोई चिह्न निर्धारित नहीं किया जाता है
- ✗ B. धनात्मक चिह्न निर्धारित किया जाता है
- ✗ C. परिवर्ती चिह्न निर्धारित किया जाता है
- ✓ D. ऋणात्मक चिह्न निर्धारित किया जाता है

**Q.22** संगम तिनई वर्गीकरण और पवित्र उपवनों ने जैव-विविधता के संरक्षण में किस प्रकार सहायता की?

**Ans**
- ✗ A. उन्होंने कृषि उत्पादन में वृद्धि की
- ✓ B. उन्होंने स्थानीय रूप से विविध आवासों को संरक्षित किया
- ✗ C. उन्होंने विदेशी प्रजातियों को पेश किया
- ✗ D. उन्होंने सभी भारतीय प्रजातियों को वर्गीकृत किया

**Q.23** अभिकथन (A) और कारण (R) नामक दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**(A):** जब अम्ल, धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करते हैं, तो कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनती है।
**(R):** धातु कार्बोनेट क्षारीय प्रकृति के होते हैं और अम्लों को उदासीन करके लवण, जल और $CO_2$ बनाते हैं।

**Ans**
- ✗ A. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
- ✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✗ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✓ D. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

**Q.24** भौतिक और रासायनिक परिवर्तनों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✗ A. विलयनों में होने वाले सभी परिवर्तन रासायनिक होते हैं
- ✗ B. भौतिक परिवर्तन से नए पदार्थ बनते हैं
- ✗ C. सभी भौतिक परिवर्तन अनुत्क्रमणीय होते हैं
- ✓ D. रासायनिक परिवर्तन संघटन को बदलते हैं

**Q.25** यदि एक विद्यार्थी, ऐलुमिनियम सल्फेट का रासायनिक सूत्र लिखना चाहता है, जिसमें दो ऐलुमिनियम परमाणु, तीन सल्फर परमाणु और बारह ऑक्सीजन परमाणु हैं, तो सही सूत्र क्या है?

**Ans**
- ✗ A. $Al(SO_4)_3$
- ✗ B. $Al_2SO_4$
- ✓ C. $Al_2(SO_4)_3$
- ✗ D. $Al_3(SO_4)_2$

Section : **Mathematics**

**Q.26** चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। दुकान I द्वारा उस पर 19% और 59% की दो क्रमिक छूट, दुकान II द्वारा 11% और 94% की क्रमिक छूट, दुकान III द्वारा 25% और 70% की क्रमिक छूट तथा दुकान IV द्वारा 96%, 44% और 25% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

**Ans**
- ✗ A. II
- ✓ B. IV
- ✗ C. III
- ✗ D. I

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.27** केंद्र O वाले एक वृत्त का व्यास AB है। इसकी परिधि पर स्थित एक बिंदु X से, AB पर एक लंब XY इस प्रकार डाला जाता है कि यह AB को Y पर प्रतिच्छेद करता है। यदि BY = 5 cm और XY = 7 cm है, तो वृत्त की परिधि (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{47}{8}\pi$
- ✓ B. $\frac{74}{5}\pi$
- ✗ C. $\frac{67}{7}\pi$
- ✗ D. $\frac{37}{5}\pi$

**Q.28** यदि 12.8, 6.4, x और 1.6 समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3.6
- ✗ B. 2.4
- ✓ C. 3.2
- ✗ D. 2.8

**Q.29** यदि $\cot^2(2\eta) = 3$ है, $2\eta$ एक न्यून कोण है। तो $5\eta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $15°$
- ✗ B. $50°$
- ✗ C. $30°$
- ✓ D. $75°$

**Q.30** 6 cm त्रिज्या और 14 cm ऊंचाई वाला एक शंक्वाकार गिलास पानी से पूरी तरह भरा हुआ है। 3 cm त्रिज्या और 7 cm ऊंचाई वाला एक छोटा शंक्वाकार पत्थर, गिलास में डाला जाता है, जिससे कुछ पानी अधिप्रवाह हो जाता है। गिलास में बचे पानी की मात्रा ज्ञात कीजिए।

$\left(\text{Take } \pi = \frac{22}{7}\right)$

Ans
- ✓ A. 0.462 लीटर
- ✗ B. 0.708 लीटर
- ✗ C. 0.653 लीटर
- ✗ D. 0.512 लीटर

**Q.31** A, B, C, D और E की औसत आयु 55 वर्ष है। A और B की औसत आयु 45 वर्ष है तथा C और D की औसत आयु 57 वर्ष है। E की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 76 वर्ष
- ✗ B. 66 वर्ष
- ✗ C. 68 वर्ष
- ✓ D. 71 वर्ष

**Q.32** यदि a − b = 9 तथा ab = 13 है, तो $a^3 - b^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 1,080
- ✗ B. 1,020
- ✗ C. 1,060
- ✗ D. 1,040

Adda247

Q.33 पाइप A किसी टंकी को 3 घंटे में भर सकता है और पाइप B उसी टंकी को 12 घंटे में भर सकता है तथा पाइप C उसी टंकी को 12 घंटे में भर सकता है। यदि सभी पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए तो उसी टंकी का आधा हिस्सा भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✓ D. 1

Q.34 किसी संवृत बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 440 $cm^2$ है और इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 748 $cm^2$ है। बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✓ A. 10 cm
- ✗ B. 5 cm
- ✗ C. 12 cm
- ✗ D. 8 cm

Q.35 रमन की आय ₹83,000 है। वह अपनी आय का 16% बचत करता है। यदि उसकी आय में 22% की वृद्धि होती है और व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ________ होगी।

Ans
- ✗ A. ₹828 की कमी
- ✗ B. ₹833 की कमी
- ✓ C. ₹830 की वृद्धि
- ✗ D. ₹827 की वृद्धि

Q.36 यदि $43^{0.92} = x$, $43^{0.69} = y$ और $x^z = y^6$ दिया गया है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3.5
- ✗ B. 6.5
- ✗ C. 5.5
- ✓ D. 4.5

Q.37 ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में क्रमिक रूप से 10%, 20% और 15% घटती है। चौथे महीने में कीमत 40% बढ़ जाती है। चौथे महीने के अंत में ईंधन की कीमत में मूल कीमत की तुलना में कुल प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 15.33%
- ✓ B. 14.32%
- ✗ C. 12.65%
- ✗ D. 13.42%

Q.38 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 40.3 और 74.9 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके, आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✗ A. 52.9
- ✗ B. 51.2
- ✓ C. 51.8
- ✗ D. 52.8

Q.39 किसी आँकड़ा समुच्चय के माध्य और माध्यिका का अनुपात 9:8 है। मध्यम विषम बंटनों के लिए मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके माध्यिका और बहुलक का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3 : 2
- ✗ B. 1 : 3
- ✗ C. 2 : 3
- ✓ D. 4 : 3

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.40** रमेश दो एकसमान वाशिंग मशीन खरीदता है। वह एक को 20% लाभ पर और दूसरी को 10% हानि पर बेचता है। यदि दोनों मशीनों का कुल विक्रय मूल्य ₹33,600 था, तो प्रत्येक वाशिंग मशीन का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹16,800
- ✗ B. ₹15,800
- ✓ C. ₹16,000
- ✗ D. ₹18,000

**Q.41** क्रमशः 240 m और 280 m लंबी दो ट्रेनें समांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर गतिमान हैं, एक 70 km/hr की चाल से तथा दूसरी की 74 km/hr की चाल से चल रही है। ज्ञात कीजिए कि एक-दूसरे को पार करने में उन्हें कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 14
- ✓ B. 13
- ✗ C. 12
- ✗ D. 16

**Q.42** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सदैव सत्य होता है?

**Ans**
- ✗ A. एक ही संख्या के गुणज, सदैव सहअभाज्य होते हैं।
- ✗ B. दो सम संख्याएँ सदैव सहअभाज्य होती हैं।
- ✗ C. दो अभाज्य संख्याएँ कभी भी सहअभाज्य नहीं होतीं हैं।
- ✓ D. दो क्रमागत पूर्णांक सदैव सहअभाज्य होते हैं।

**Q.43** तीन मित्रों, A, B और C के व्यय का अनुपात 2 : 3 : 5 है। यदि कुल व्यय ₹2,000 है, तो B का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹500
- ✓ B. ₹600
- ✗ C. ₹700
- ✗ D. ₹550

**Q.44** समतल भूमि पर खड़ा एक पेड़ तूफान से टूट जाता है। टूटा हुआ भाग झुककर जमीन को छूता है और जमीन के साथ 30° का कोण बनाता है। पेड़ के पाद और पेड़ के शीर्ष के जमीन को छूने वाले बिंदु के बीच की दूरी 12 m है।
पेड़ की मूल ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. $12\sqrt{3}$ m
- ✗ B. $18\sqrt{2}$ m
- ✗ C. $12\sqrt{2}$ m
- ✗ D. $18\sqrt{3}$ m

**Q.45** उधार ली गई ₹500 की धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से 3.5 वर्षों के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 240
- ✗ B. 120
- ✗ C. 190
- ✓ D. 140


**Q.46** एक नाव धारा की दिशा में 48 km की दूरी 3 घंटे में तय कर सकती है और धारा की विपरीत दिशा में उतनी ही दूरी 4 घंटे में तय कर सकती है। यदि नाव इन चालों से धारा की दिशा में 15 km जाती है, फिर 30 मिनट तक विरामावस्था में रहती है और फिर धारा की विपरीत दिशा में 15 km वापस आती है, तो इस पूरी यात्रा को पूरा करने में नाव द्वारा लिया गया कुल समय (विरामावस्था समय सहित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 3 h 11 min 15 s
- ✓ B. 2 h 41 min 15 s
- ✗ C. 2 h 56 min 15 s
- ✗ D. 2 h 11 min 15 s

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.47 एक परिवार का मासिक बजट ₹48,000 है, जिसे भोजन, किराया, शिक्षा, बचत और अन्य खर्चों में विभाजित किया गया है। यदि वे अगले महीने कुल बजट में कोई परिवर्तन किए बिना अपनी बचत को 20% बढ़ाना चाहते हैं, तो वर्तमान महीने की तुलना में अगले महीने उन्हें कितनी अतिरिक्त बचत की आवश्यकता होगी?




Ans
- ✗ A. ₹2,800
- ✗ B. ₹2,000
- ✗ C. ₹3,000
- ✓ D. ₹2,400

Q.48 प्रवीण के पास ₹1,701 हैं, जिन्हें वह अपने दो पुत्रों, ऋषि और शान के बीच बाँट देता है। वह उनसे अपने संबंधित हिस्सों को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह देखा गया है कि 18 वर्षों के बाद ऋषि का निवेश, 19 वर्षों के बाद शान के निवेश के बराबर है। प्रवीण द्वारा ऋषि को दी गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 910
- ✓ B. 891
- ✗ C. 810
- ✗ D. 741

Q.49 किसी धनराशि पर 8% वार्षिक दर से 2 वर्षों में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज ₹166.40 है जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1,200
- ✗ B. 1,100
- ✓ C. 1,000
- ✗ D. 1,500

Q.50 7-अंकों की संख्या 22A675B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 2
- ✗ B. 7
- ✗ C. 4
- ✗ D. 6

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) R T % & V B M > < Y P L + A # ^ & ? A S P I % + E # A @ Q B T G & + % C ? (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से पांचवें स्थान पर होगा?

Ans
- ✔ A. Q
- ✘ B. M
- ✘ C. Y
- ✘ D. B

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✘ A. HP – NV
- ✔ B. FN – KS
- ✘ C. GO – MU
- ✘ D. CK – IQ

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से FGHK का संबंध IJKN से है। उसी प्रकार, RSTW का संबंध UVWZ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ABCF का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✘ A. FIDE
- ✘ B. FEDI
- ✘ C. DFIE
- ✔ D. DEFI

Q.54 अभिषेक बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़कर 15 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ A. 2 km, पूर्व की ओर
- ✘ B. 3 km, पूर्व की ओर
- ✘ C. 3 km, पश्चिम की ओर
- ✘ D. 2 km, पश्चिम की ओर

Q.55 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : HIL :: LMP : %

Ans
- ✘ A. # = ZCF , % = TUX
- ✘ B. # = ZAC , % = STW
- ✔ C. # = ZAD , % = TUX
- ✘ D. # = ZAD , % = TTY

Q.56 Q, R, W, T, E, U और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E की परीक्षा मंगलवार को है। E और T के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षा है। W की परीक्षा Y से ठीक पहले है और U की परीक्षा Y के ठीक बाद है। W और Q के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है। T के ठीक बाद किसकी परीक्षा है?

Ans
- ✔ A. R
- ✘ B. W
- ✘ C. T
- ✘ D. U

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

SUQ MOK GIE ACY ?

Ans
- ✔ A. UWS
- ✘ B. UVR
- ✘ C. UVX
- ✘ D. UXR

Q.58 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको तय करना है कि वाक्यों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़कर उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

At, Bn, Cg, Dv और Es एक गोल मेज़ के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Dv के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) At, Dv और Es का निकटतम पड़ोसी है। Cg, Bn के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।
(II) Es, Cg और At का निकटतम पड़ोसी है। Dv, Es के दाएं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

Ans
- ✔ A. कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✘ B. कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✘ C. कथन I और II दोनों का डेटा, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
- ✘ D. कथन I और II दोनों (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से NLIP का संबंध TROV से है। उसी प्रकार, JHEL का संबंध PNKR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RPMT का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✔ A. XVSZ
- ✘ B. XVZS
- ✘ C. VXSZ
- ✘ D. VXZS

Q.60 यदि संख्या 4751236 में, प्रत्येक सम अंक में 3 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में पहले अंक और अंतिम अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 16
- ✘ B. 18
- ✘ C. 14
- ✘ D. 12

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'P + Q – R × S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. पुत्री की पुत्री
- ✔ B. पुत्री का पुत्र
- ✘ C. पुत्र
- ✘ D. पुत्र का पुत्र

Q.62 D, F, G, H, J, K और L एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
L के दाईं ओर से गिनने पर, L और H के बीच ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, H के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। J, G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। K, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के बाईं ओर से गिनने पर, G और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ A. 3
- ✔ B. 2
- ✘ C. 1
- ✘ D. 4

Adda247

Q.63 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 22 का संबंध 474 से है। उसी तर्क के अनुसार, 25 का संबंध 615 से है। उसी तर्क के अनुसार, 29 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ A. 841
✗ B. 821
✗ C. 851
✓ D. 831

Q.64 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

35 42 56 77 105 ?

Ans
✗ A. 138
✓ B. 140
✗ C. 136
✗ D. 142

Q.65 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) JOG VOW GYM DEW (दाएं)

दाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 8
✓ B. 9
✗ C. 10
✗ D. 12

Q.66 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
37 - 3 ÷ 5 + 18 × 6 = ?

Ans
✗ A. 101
✗ B. 109
✓ C. 113
✗ D. 104

Q.67 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) KIT ZIP ODD RAM (दाएं)

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, दाएं से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 7
✗ B. 5
✓ C. 4
✗ D. 3

Q.68 सात विद्यार्थी I, J, K, P, Q, R और Z एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
I और R दोनों का निकटतम पड़ोसी Q है। P, Q के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। R, Z के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। J, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
K के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✓ A. Q
✗ B. J
✗ C. I
✗ D. R

Adda247

Q.69 निम्न अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) W Z A F U V L A K I D O T U V Q U S P O P D (दाएँ)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 8
- ✗ C. 10
- ✗ D. 7

Q.70 यदि शब्द GAUCHOS के प्रत्येक अक्षर को विपरीत वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. एक का भी नहीं

Q.71 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 19 का संबंध 58 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 31 का संबंध 94 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 43 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 129
- ✓ B. 130
- ✗ C. 128
- ✗ D. 127

Q.72 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. LV - KU
- ✗ B. JG - HE
- ✗ C. QI - OG
- ✗ D. SY - QW

Q.73 30 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में खड़े हैं। अनीता दाएँ छोर से 16वें स्थान पर है, जबकि बलराम बाएँ छोर से 22वें स्थान पर है। अनीता और बलराम के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हैं?

Ans
- ✗ A. 8
- ✗ B. 7
- ✗ C. 5
- ✓ D. 6

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन: सभी कालीन, जूते हैं। सभी पेन, जूते हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ कालीन, पेन हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ जूते, पेन हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ B. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
- ✗ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.75 किसी निश्चित कूट भाषा में "HSAL" को "35" और "WHKC" को "40" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में "OJDZ" का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 55
- ✗ B. 58
- ✗ C. 49
- ✓ D. 50

Q.76 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'Pv + Df # Ly % Gi × Kt' हो, तो Pv का Kt से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्री का पति
- ✗ B. बहन का पति
- ✗ C. पत्नी की बहन
- ✓ D. पत्नी की माता

Q.77 संख्या 789245361 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✓ D. एक की भी नहीं

Q.78 सात डिब्बों A, B, C, D, U, V और W को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। V के नीचे केवल दो डिब्बों को रखा गया है। C के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। C और B के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। W को U के ठीक ऊपर रखा गया है। D को A के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। A और W के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक
- ✓ D. चार

Adda247

Q.79 शब्द FUTILE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बनने वाले सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनने वाले अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से चौथे स्थान पर होगा?

Ans
- ✓ A. J
- ✗ B. V
- ✗ C. U
- ✗ D. F

Q.80 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 5 & % 6 9 @ 4 $ 7 & 8 Ω 2 # 1 * £ 5 (दाएं)

यदि सभी प्रतीकों को शृंखला से हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से सातवाँ होगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✓ D. 9

Adda247 GET IT ON Google Play

Section : **General Awareness and Current Affairs**

**Q.81** 2026 में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस किस तिथि को वैश्विक स्तर पर मनाया गया/जाएगा?

Ans
- ✗ A. 24 दिसंबर
- ✓ B. 15 मार्च
- ✗ C. 15 अक्टूबर
- ✗ D. 15 अप्रैल

**Q.82** मई 2026 में असम के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में हिमंत बिस्वा शर्मा ने किस विधानसभा सीट से जीत हासिल की?

Ans
- ✗ A. सिलचर
- ✓ B. जलुकबारी
- ✗ C. हाफलांग
- ✗ D. दिसपुर

**Q.83** भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) द्वारा संचालित अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल फंड के तहत, किस संस्थान को इन्वेस्टमेंट मैनेजर नियुक्त किया गया था, जो अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए भारत के पहले समर्पित वेंचर कैपिटल फ्रेमवर्क को चिह्नित करता है?

Ans
- ✗ A. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- ✓ B. SIDBI वेंचर कैपिटल लिमिटेड
- ✗ C. NABARD कंसल्टेंसी सर्विसेज
- ✗ D. नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड

**Q.84** आयुष्मान भारत PM-JAY स्वास्थ्य बीमा योजना का 2026 परिचालन विस्तार किस लक्षित समूह के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवर सुनिश्चित करता है?

Ans
- ✗ A. ग्रामीण सरकारी संस्थानों में सभी पूर्णकालिक शिक्षक
- ✓ B. आय से पृथक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिक
- ✗ C. सभी रजिस्टर्ड गिग वर्कर और प्लेटफ़ॉर्म डिलीवरी पार्टनर
- ✗ D. भूमि रिकॉर्ड रखने वाले सभी छोटे पैमाने के कृषि श्रमिक

**Q.85** जनवरी 2026 में, किस संगठन द्वारा जम्मू और कश्मीर (J&K) के चटरगला दर्रे पर एक उच्च-ऊंचाई बचाव और सड़क बहाली अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया था?

Ans
- ✗ A. भारतीय सेना इंजीनियरिंग कोर
- ✗ B. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस
- ✗ C. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल
- ✓ D. सीमा सड़क संगठन

**Q.86** ओलंपिक जिम्नास्टिक्स के इतिहास में सबसे पहला परफेक्ट 10 स्कोर करने के 50 वर्ष बाद, 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में लॉरियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड किसने जीता?

Ans
- ✗ A. ओक्साना बैउल (Oksana Baiul)
- ✗ B. सिमोन बाइल्स (Simone Biles)
- ✓ C. नादिया कोमानेची (Nadia Comăneci)
- ✗ D. मैरी लू रेटन (Mary Lou Retton)

**Q.87** जनवरी 2026 में आयोजित 'UP हेल्थ टेक कॉन्क्लेव 1.0 (UP Health Tech Conclave 1.0)' का प्राथमिक लक्ष्य क्या था?

Ans
- ✓ A. नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक मेडटेक इकोसिस्टम का निर्माण करना
- ✗ B. एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करना।
- ✗ C. एक मोबाइल टेलीमेडिसिन बस परियोजना बनाना
- ✗ D. सभी जिला अस्पतालों में AI के उपयोग को अनिवार्य करना

Q.88 भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित 9वीं एलीट पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित की गई थी?

Ans
- ✗ A. गुवाहाटी, असम
- ✗ B. इंदौर, मध्य प्रदेश
- ✗ C. पटियाला, पंजाब
- ✓ D. ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश

Q.89 2026 में, किस संगठन ने राज्यों के वित्तीय निष्पादन का आकलन करने के लिए "राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI)" का दूसरा वार्षिक संस्करण जारी किया?

Ans
- ✗ A. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
- ✓ B. राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान
- ✗ C. भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
- ✗ D. भारतीय वित्त आयोग

Q.90 अक्टूबर 2025 में भारत द्वारा लागू किए गए किस प्रमुख व्यापार समझौते में 1 मिलियन जॉब सृजित करने के लिए 15 वर्षों में $100 बिलियन की बाध्यकारी निवेश प्रतिबद्धता शामिल है?

Ans
- ✗ A. भारत-UK व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता (CETA)
- ✗ B. भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (FTA)
- ✗ C. भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA)
- ✓ D. EFTA के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (TEPA)

Q.91 निम्नलिखित में से किस संगठन ने 4 मार्च 2026 को अपना 176वां स्थापना दिवस मनाया?

Ans
- ✗ A. भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (BSI)
- ✗ B. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI)
- ✗ C. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI)
- ✓ D. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI)

Q.92 केंद्रीय बजट 2026-27 में 'बायोफार्मा शक्ति' योजना पेश की गई। इस ₹10,000 करोड़ की पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना
- ✗ B. बुजुर्गों के लिए 1.5 लाख देखभाल कर्मियों को प्रशिक्षित करना
- ✗ C. प्रत्येक राज्य में नए AIIMS अस्पताल स्थापित करना
- ✓ D. भारत को बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर के लिए विनिर्माण केंद्र में रूपांतरित करना

Q.93 16वें वित्त आयोग ने 2026-31 के लिए केंद्रीय करों के विभाज्य पूल में से राज्यों के लिए कितने प्रतिशत हिस्सेदारी की अनुशंसा की है?

Ans
- ✗ A. 54%
- ✗ B. 32%
- ✓ C. 41%
- ✗ D. 51%

Q.94 इतिहास में पहली बार, UNESCO के 43वें महासम्मेलन का आयोजन पेरिस से बाहर किया गया। इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन की मेजबानी किस शहर ने की?

Ans
- ✓ A. समरकंद, उज्बेकिस्तान (Samarkand, Uzbekistan)
- ✗ B. शंघाई, चीन (Shanghai, China)
- ✗ C. दुशान्बे, ताजिकिस्तान (Dushanbe, Tajikistan)
- ✗ D. नई दिल्ली, भारत (New Delhi, India)


Test
Prime
By Adda247

# PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free
25,000+
PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly




ATTEMPT AS
MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking, SSC, Railway, Teaching, UGC, Agriculture, Nursing

Bihar, UP, Punjab, WB, Odisha, TN, AP & Telangana, Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME



Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVIL)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.95 2026 में, भारत सरकार ने मुख्य रूप से खेल प्रतियोगिताओं में किसकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रव्यापी "ASMITA लीग" पहल की घोषणा की?

Ans
- ✗ A. मनोरंजक खेलों में वरिष्ठ नागरिक
- ✓ B. जमीनी स्तर के खेलों में महिलाएं और लड़कियां
- ✗ C. फिटनेस अभियानों में स्कूल प्रधानाचार्य
- ✗ D. खेल प्रबंधन में ग्रामीण प्रशिक्षक

Q.96 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, न्यू रिजीम (new regime) के तहत, अधिकतम ₹_________ की आय तक कोई व्यक्तिगत आयकर देय नहीं है।

Ans
- ✗ A. 10 लाख
- ✓ B. 12 लाख
- ✗ C. 11 लाख
- ✗ D. 9 लाख

Q.97 निम्नलिखित में से किस प्रमुख गोल्फर को लंबे समय से प्रतीक्षित करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने और अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के बाद 2026 में 'लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार (Laureus World Comeback of the Year Award) से सम्मानित किया गया था?

Ans
- ✗ A. जॉन रहम (Jon Rahm)
- ✗ B. टाइगर वुड्स (Tiger Woods)
- ✓ C. रोरी मैक्लरॉय (Rory McIlroy)
- ✗ D. स्कॉटी शेफ़लर (Scottie Scheffler)

Q.98 फरवरी 2026 में, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) की इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कुल 3,000 MW की उत्पादन क्षमता के लिए कितनी कंपनियों का चयन किया गया था?

Ans
- ✓ A. 15 कंपनियां
- ✗ B. 10 कंपनियां
- ✗ C. 30 कंपनियां
- ✗ D. 5 कंपनियां

Q.99 2 फरवरी, 2026 के अपने निर्णय में, सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच नदी जल बंटवारे के विवाद का निपटारा करने के लिए एक अंतर-राज्यीय जल विवाद न्यायाधिकरण गठित करने का निर्देश दिया। इस विवाद के केंद्र में कौन-सी नदी है?

Ans
- ✓ A. पेन्नैयार नदी
- ✗ B. गोदावरी नदी
- ✗ C. कावेरी नदी
- ✗ D. कृष्णा नदी

Q.100 26 जनवरी 2026 को, भारत ने गणतंत्र दिवस का कौन-सा संस्करण मनाया?

Ans
- ✗ A. 76वां गणतंत्र दिवस
- ✗ B. 78वां गणतंत्र दिवस
- ✓ C. 77वां गणतंत्र दिवस
- ✗ D. 75वां गणतंत्र दिवस

"